प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.10.2025/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से इस वित्त वर्ष की शेष अवधि के लिए प्रदेश की ऋण सीमा में दो प्रतिशत वृद्धि करने का आग्रह किया है। उन्होंने कल नई दिल्ली में वित्त मंत्री से भेंट के दौरान कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से हालांकि प्रदेश के राजस्व में वृद्धि हो रही है लेकिन राजस्व घाटा अनुदान में नियमित कमी और प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुए नुकसान के चलते प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कठिन परिस्थितियों के चलते उदार वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने का आग्रह भी किया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने प्रदेश की विभिन्न मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

पहल

केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से आज नई दिल्ली में आदर्श युवा ग्राम सभा–एम.वाई.जी.एस. पहल का शुभारंभ होगा। इस दौरान आदर्श युवा ग्राम सभा और एम.वाई.जी.एस. पोर्टल पर एक प्रशिक्षण मॉड्यूल का भी अनावरण किया जाएगा। पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार इससे जनभागीदारी बढ़ेगी और छात्रों को ग्राम सभा सत्रों में शामिल करके सहभागी स्थानीय शासन को भी बढ़ावा मिलेगा। यह पहल देशभर के एक हज़ार से ज्यादा स्कूलों में शुरू की जाएगी।

किन्नौर महोत्सव

राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव आज से रिकांकपिओ में शुरू हो रहा है। राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी इस 4 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। महोत्सव के दौरान देश–प्रदेश के विभिन्न सांस्कृतिक दल अपनी संस्कृति के रंग बिखेरेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता

*यह मेला सिर्फ एक वार्षिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह जनजातीय क्षेत्र की संस्कृति, इतिहास और व्यापार का एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है। महोत्सव में 31 अक्टूबर को मैराथन दौड़ का भी आयोजन होगा। इसके अलावा 30 व 31 अक्टूबर को नेशनल ट्राइबल फेस्टीवल भी मनाया जा रहा है। इस वर्ष देश के 26 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को आमंत्रित किया गया है। महोत्सव में जनजातीय शिल्प, कला और संस्कृति प्रदर्शनी, जनजातीय फिल्म प्रलेखन, साहित्य, वनों से प्राप्त उत्पाद, पारंपरिक खाद्य व्यंजन और जनजातीय चिकित्सा पद्धतियों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी। सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार के लिए विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।*

सिंकदर कुमार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली केन्द्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को अपनी मंजूरी दे दी है और यह आयोग अगले 18 महीनो के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा। सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने केन्द्र सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि 8वें वेतन आयोग के गठन से केंद्र सरकार के तकरीबन 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पैंशनरों को सीधा लाभ मिलेगा।

जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई पीढ़ी के वस्तु और सेवाकर सुधारों को जीएसटी बचत उत्सव का नाम दिया है। जीएसटी में घटाई गई दरों का लाभ हर क्षेत्र में लोगों को मिल रहा है। परिधान और जूते क्षेत्र में नई जीएसटी दरों से नागरिकों को मिल रही मदद पर पेश है एक रिपोर्ट।

दुर्घटना

चम्बा जिला के चुराह उपमंडल के तहत देवीकोठी–टेपा मार्ग पर कल शाम एक सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए चंबा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। माना जा रहा है कि सड़क पर फिसलन व गाड़ी का नियंत्रण बिगड़ने से यह दुर्घटना हुई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के बयान को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं आपदा से जूझ रहे हिमाचल को वित्तीय मदद दे केंद्र, ऋण सीमा बढ़ाए। दैनिक जागरण ने लिखा है हिमाचल की लोन लिमिट बढ़ाए केंद्र, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री के सामने रखी बात।

नकली निकली ऊना में पकड़ी 15 क्विंटल पनीर की खेप शीर्षक से पंजाब केसरी ने लिखा है नष्ट किया जाएगा जब्त किया गया पनीर।

दैनिक जागरण ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के हवाले से लिखा है महत्वपूर्ण पदों पर होनी चाहिए सक्षम और योग्य अधिकारियों की नियुक्ति।